बहुजन हिताय!

# सक्षम भारत

बहुजन सुखाय!

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | इन्द्रजीत सिंह, मुख्य संवाददाता/सचिव, CNSI-Delhi

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से प्रसारित

www.sakshambharat;net, E-mail : saksham.bharat@hotmail.com

Member : CENTRAL NEWSPAPER SOCIETY OF INDIA DELHI

● वर्ष: 24 ● अंक: 155 ● नई दिल्ली ● शुक्रवार 03 अप्रैल 2026 ● प्रभात कालीन ● मूल्य: 3 रूपया ● पृष्ठ: 4

रिपब्लिकन मजदूर संगठन के सदस्य बनें

E-mail : rmsdp@hotmail.com

अनागरिक गीता भारती भवन
बी-2/370, सुल्तानपुरी
दिल्ली-86

### डीपफेक पर दिल्ली हाई कोर्ट की सख्ती, अनिरुद्धाचार्य से जुड़े एआई कंटेंट के प्रसार पर लगाई अंतरिम रोक

नई दिल्ली। धार्मिक उपदेशक अनिरुद्धाचार्य के पक्ष में एकतरफा अंतरिम आदेश पारित करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने सोशल मीडिया पर एआई सृजित डीपफेक और मीम-आधारित सामग्री के अनधिकृत रोक लगा दी है। अदालत ने अंतरिम आदेश पारित करते हुए आध्यात्मिक गुरु का मामला पहली नजर में काफी मजबूत प्रतीत होता है। उनकी लोकप्रिय और सर्वमान्य छवि को देखते हुए अगर अंतरिम आदेश नहीं पारित किया गया तो उन्हें अपूरणीय क्षति होगी और इसकी मौद्रिक रूप से नहीं की जा सकेगी। अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड पर पेश की गई सामग्री व्यंग के बजाय अपमानजनक प्रतीत होती है और अनिरुद्धाचार्य के व्यक्तित्व के अधिकारों का उल्लंघन करती है।

# विकसित भारत लक्ष्य के लिए सार्वजनिक सेवाओं को लगातार अद्यतन करने की जरूरत- प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बदलते समय के साथ सिविल सेवाओं को लगातार अद्यतन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने साधना सप्ताह कार्यक्रम की शुरुआत पर एक वीडियो संदेश में कहा कि देश के शासन को नागरिकों के लिए दैनिक आधार पर जीवनयापन की सुगमता और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना चाहिए। मोदी ने कहा कि देश में शासन का सिद्धांत नागरिक देवो भव के मंत्र पर आधारित है। उन्होंने कहा कि सामूहिक भावना के साथ यह मंत्र सार्वजनिक सेवाओं को अधिक सक्षम और नागरिकों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील बनाने का लक्ष्य रखता है। प्रधानमंत्री ने कहा, जब हम प्रशासनिक सेवाओं में सुधार और बदलाव की बात करते हैं तो उसका एक आशय है कि लोक सेवकों के व्यवहार में बदलाव। हम सभी जानते हैं कि पुरानी व्यवस्था में जोर अधिकार होने पर यादा होता था लेकिन आज देश का जोर कर्तव्य भावना पर यादा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रयासों को 2047 के विकसित भारत के व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, देश



के विकास पथ पर हमारे (सिविल सेवकों) द्वारा किए जा रहे कार्यों का क्या प्रभाव पड़ेगा हमारे एक निर्णय से कितने नागरिकों का जीवन बदल सकता है हमारा व्यक्तिगत परिवर्तन संस्थागत परिवर्तन कैसे बन सकता है यह प्रश्न हमारे हर प्रयास का हिस्सा होना चाहिए। मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी को समझना और उसका सही उपयोग करना सार्वजनिक सेवा का एक अनिवार्य हिस्सा बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, आप तभी बेहतर प्रशासक और बेहतर लोक सेवक बन सकते हैं जब आप प्रौद्योगिकी और डेटा को समझें।

यही आपके निर्णय लेने का आधार बनेगा, इसलिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में क्षमता निर्माण और निरंतर सीखने को बढ़ावा देने के लिए काम किया जा रहा है। साधना (राष्ट्रीय उन्नति के लिए अनुकूल विकास और मानवीय योग्यता को मजबूत करना) सप्ताह का आयोजन क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) द्वारा दो से आठ अप्रैल तक किया जा रहा है। यह सप्ताह भारत के सिविल सेवा तंत्र में सबसे बड़े सहयोगी क्षमता निर्माण प्रयासों में से एक है। यह आयोग शासन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह, नागरिक-केंद्रित और भविष्य के लिए तैयार बनाने हेतु रूपरेखा तैयार करता है, मानक निर्धारित करता है और सहयोग को प्रोत्साहित करता है। यह क्षमता विकास और योग्यता पर आधारित शिक्षा के माध्यम से सिविल सेवा सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए मिशन कर्मयोगी रूपरेखा का संरक्षक है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर दिल्ली के मंदिरों में उमड़ी भारी भीड़, करोल बाग मंदिर पहुंची सीएम रेखा



नई दिल्ली । भगवान राम के प्रति अपनी अटूट भक्ति के लिए प्रसिद्ध हनुमान जी साहस और निष्ठा के साक्षात प्रतीक माने जाते हैं। आज दो अप्रैल को हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार चैत्र पूर्णिमा के दिन हनुमान जी का जन्म हुआ था। इसलिए हर साल इस दिन पर ही हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया जाता है। गुरुवार को हनुमान जयंती के अवसर पर राजधानी दिल्ली के मंदिरों में भारी भीड़ देखी गई। श्रद्धालु सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने लगे थे। दिल्ली के प्राचीन हनुमान मंदिर श्री मरघट वाले हनुमान बाबा मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। यहां भक्तों ने भगवान हनुमान को सिंदूर और प्रसाद चढ़ाया। वहीं पांडव कालीन कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया और आरती में भाग लिया। मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। हनुमान जयंती का पर्व पूरे उत्साह और भक्ति के साथ मनाया गया। कई स्थानों पर भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर करोल बाग स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रभु श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी से राजधानी के हर परिवार में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने हनुमान जी की अखंड भक्ति, निस्वार्थ सेवा और पराक्रम को सनातन मूल्यों का सर्वोच्च आदर्श बताते हुए सभी के जीवन में साहस, संयम और समर्पण का संचार होने की प्रार्थना की। हनुमान जी के गुरु के बारे में जब भी बात होती है तो सूर्यदेव को उनका गुरु कहा जाता है। यह बात आंशिक रूप से सही भी है क्योंकि सूर्य देव ने ही उन्हें शिक्षा और ज्ञान प्रदान की थी। लेकिन हनुमान चालीसा में इस बात का उल्लेख मिलता है कि वह माता सीता को अपना गुरु मानते थे। हनुमान चालीसा की शुरुआत दो दोहों से होती है, जिसमें पहला शब्द श्री गुरु चरन सरोज रज है। कई विद्वानों के अनुसार यहाँ श्री गुरु का तात्पर्य माता सीता से है।

## केजरीवाल का गुजरात सरकार पर बड़ा आरोप, बोले- आप कार्यकर्ताओं पर हो रही सुनियोजित कार्यवाही



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को पत्र लिखकर राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ सुनियोजित कार्रवाई किये जाने का आरोप लगाया। उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए पटेल के साथ बैठक का अनुरोध किया। केजरीवाल ने पत्र में गुजरात में पिछले तीन महीनों में दर्ज 145 प्राथमिकी और 160 से अधिक गिरफ्तारियों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राज्य सरकार आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं को निशाना बना रही है। उन्होंने लिखा, लोगों को 'आप' के रूप में पहली बार एक मजबूत और भरोसेमंद विकल्प मिला है। लोग जानते हैं कि आम आदमी पार्टी पढ़े-लिखे, बेखौफ, ईमानदार और देशभक्त व्यक्तियों की पार्टी है, जो भाजपा से कभी समझौता नहीं करेगी। केजरीवाल ने कहा, यही कारण है कि हाल के वर्षों में गुजरात में 'आप' की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है और अब बड़े पैमाने पर चर्चा है कि राज्य में भाजपा सत्ता से बाहर होने वाली है और आम आदमी पार्टी की सरकार बनने वाली है। उन्होंने भाजपा पर 'आप' के ज्यादातर नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करके पार्टी को कमजोर करने तथा उसका अस्तित्व मिटाने की साजिश रचने का आरोप लगाया।

'आप' प्रमुख ने कहा, इस साजिश के तहत भाजपा सरकार के आदेश पर अकेले पिछले तीन महीनों में गुजरात में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ 145 प्राथमिकी दर्ज की गई है और 160 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने दावा किया कि आने वाले दिनों में राज्य में 'आप' के 10,000 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने की योजना है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मी 'आप' नेताओं और कार्यकर्ताओं के घरों का दौरा कर रहे हैं तथा उन्हें गुजरात न छोड़ने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं।

# सीएम रेखा ने कोरोना योद्धाओं को दी श्रद्धांजलि, परिवारों को मिली 1 करोड़ की आर्थिक सहायता

नई दिल्ली ।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कोरोना काल में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले फ्रंटलाइन वर्कर्स के परिवारों से मुलाकात कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. मुख्यमंत्री ने छह परिवारों को वर्षों से लंबित एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की और आश्वस्त किया कि सरकार सम्मान, संवेदना और संकल्प के साथ हर परिस्थिति में उनके साथ दृढ़ता से खड़ी है. इस अवसर पर दिल्ली पुलिस ट्रैफिक यूनिट के एएसआई राधे श्याम के परिजनों को भी 1 करोड़ की सहायता राशि दी गई, जिन्होंने ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया. मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सहायता उस अपूरणीय क्षति की भरपाई नहीं कर सकती, लेकिन यह सरकार के उस अटूट संकल्प का



प्रतीक है कि इन कर्मयोगियों का बलिदान सदैव स्मरण में रहेगा और दिल्ली उनके प्रति हमेशा खड़ी रहेगी. मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इन परिवारों को अतीत में हुई मुश्किलों, खासकर पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान हुई देरी का भी संज्ञान लिया. कई लोगों को प्रक्रियागत देरी और मुआवजे के देर से मिलने के कारण लंबे समय तक इंतज़ार करना पड़ा था.उन्होंने उन्हें भरोसा दिलाया कि अब ऐसे मामलों को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी जा रही है, और यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं कि किसी भी पात्र परिवार को सहायता मिलने में अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े. उनके शब्दों से वहां मौजूद लोगों को साफ तौर पर राहत और तसल्ली मिली. ये छह लाभार्थी MCD, DTC, दिल्ली जल बोर्ड, इंडियन स्पाइनल इंजरी सेंटर, NDMC और मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज जैसे विभिन्न सरकारी निकायों से जुड़े थे. पैरामेडिकल स्टाफ ने अस्पतालों और टेस्टिंग सेंटरों में काम करते हुए अपनी जान जोखिम में डाली, जबकि अन्य विभागों के कर्मचारियों ने लॉकडाउन के दौरान पानी की सप्लाई, सफाई और ट्रांसपोर्ट जैसी जरूरी सेवाओं की बिना किसी रुकावट के डिलीवरी सुनिश्चित की.

## बड़ा सवाल- दिल्ली में बसों की संख्या में इजाफा, फिर भी 10 लाख मुसाफिर गायब; कोविड महामारी के बाद से आई गिरावट

नई दिल्ली । दिल्ली में बसों पर सरकार का खर्च लगातार बढ़ रहा है, लेकिन यात्रियों की संख्या उसी अनुपात में नहीं बढ़ रही। उल्टा, कोविड के बाद से बसों में सफर करने वालों की संख्या में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद बस सेवा लोगों की पहली पसंद क्यों नहीं बन पा रही। कोविड से पहले राजधानी में डीटीसी और क्लस्टर बसों में रोजाना औसतन करीब 40 से 45 लाख यात्री सफर करते थे। यह संख्या दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की ताकत मानी जाती थी। लेकिन अब यह घटकर लगभग 30 से 35 लाख के बीच सिमट गई है। यानी हर दिन करीब 8 से 10 लाख यात्री बसों से गायब हो चुके हैं। दिल्ली के आर्थिक सर्वे 2025-26 के मुताबिक ट्रांसपोर्ट सेक्टर को सबसे यादा 11,964 करोड़ का बजट दिया गया है। इसके अलावा डीटीसी के घाटे को पूरा करने के लिए अलग से हजारों करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं। लेकिन इन भारी निवेशों के बावजूद बसों में यात्रियों की संख्या का स्थिर या कम रहना यह संकेत देता है कि समस्या कहीं गहरी है। ग्राउंड पर स्थिति बताती है कि कई रूट्स पर बसों की फ्रीक्वेंसी कम है, टाइमिंग अनिश्चित है और लास्टमाइल कनेक्टिविटी कमजोर बनी हुई है। दिल्ली में बसों के बेड़े (फ्लीट) का विस्तार और इलेक्ट्रिक बसों की एंट्री इस पूरी कहानी को और दिलचस्प बनाती है। कोविड से पहले 2018-19 में डीटीसी और क्लस्टर मिलाकर कुल बसों की संख्या करीब 5,500 से 6,000 के बीच थी। इसके बाद सरकार ने इलेक्ट्रिक बसों पर जोर देते हुए बेड़े को बढ़ाना शुरू किया।

## दिल्ली में गैस की कालाबाजारी पर सख्ती, 45 सिलिंडर के साथ रिफिलिंग मशीन जब्त; तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में गैस संकट के बीच कालाबाजारी थमने का नाम नहीं ले रही है। पालम गांव पुलिस स्टेशन के कर्मचारियों ने एलपीजी गैस के अवैध भंडारण और रिफिलिंग करने वाले एक रैकेट का भंडाफोड़ किया है।

पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 45 भारत गैस सिलिंडर के साथ एक टेम्पो बरामद किया गया। अवैध गैस रिफिलिंग और ट्रांसफर करने वाले उपकरण भी जब्त किए गए। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अनार सिंह, सत्यवीर और विकास कुमार के रूप में हुई है। वहीं



दूसरी दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दिल्ली के डाबड़ी में अवैध एलपीजी सिलिंडर स्टोरेज और रिफिलिंग रैकेट का खुलासा कर 17 सिलिंडर बरामद किए हैं। अपराध शाखा ने दुकानदार मोहन लाल गर्ग को पकड़ा है। बाद में जांच के लिए मामला द्वारका जिले की डाबड़ी थाना पुलिस को सौंप दिया गया। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि पश्चिमी जिले के सीतापुरी इलाके में एलपीजी सिलिंडरों की जमाखोरी की सूचना पर टीम ने दुकानदार मोहन लाल गर्ग (61) को अवैध रूप से एलपीजी गैस सिलिंडर भरते हुए पाया। वह 200 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से सिलिंडर भर रहा था। उस जगह अलग-अलग कंपनियों के कुल 17 एलपीजी गैस सिलिंडर मिले। खाद्य आपूर्ति अधिकारी हरजीत 7 कौर को तुरंत मौके पर बुलाया।

## हाईकोर्ट नाराज- कहा- बच्चों की तस्करी की मंडी बन गई है दिल्ली, सरकार; पुलिस और बाल संरक्षण आयोग को नोटिस

नई दिल्ली । दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि राजधानी अब बाल तस्करी की मंडी बन गई है। कोर्ट ने रेलवे स्टेशनों और आसपास के इलाकों में खुलेआम हो रही बाल तस्करी पर चिंता जताते हुए रेलवे, दिल्ली सरकार, दिल्ली पुलिस व राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) को नोटिस जारी किया। मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ ने जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन अलायंस की ओर से दायर जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई की। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि दिल्ली अब बाल तस्करी की मंडी बन गई है। इसकी पुष्टि के लिए याचिका पढ़ने की जरूरत नहीं, सिर्फ दो घंटे रेलवे स्टेशनों के आसपास घूम लीजिए। पीठ ने कहा कि बाल तस्करी की समस्या न्यायिक आदेशों के बावजूद कम नहीं हुई है। कोर्ट ने बाल संरक्षण आयोग को आंकड़े उपलब्ध कराने और उचित दिशा-निर्देश देने के लिए सुझाव देने को कहा। मामले की अगली सुनवाई 10 जुलाई को होगी। अदालत ने आदेश में कहा कि कोर्ट ने बार-बार चिंता जताई और निर्देश दिए, लेकिन समस्या अभी भी अनियंत्रित है। कोर्ट ने माना कि रेलवे समेत संबंधित विभागों ने उपाय किए, लेकिन प्रभावी क्रियान्वयन की कमी के कारण स्थिति नहीं बदली। याचिकाकर्ता की ओर से वकील ने बताया कि 2018 से 2024 के बीच रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स ने रेलवे परिसर से 84,000 से अधिक बच्चों को बचाया। एक घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आनंद विहार रेलवे स्टेशन से बचाई गई एक लड़की को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के बजाय तस्करों को सौंप दिया गया, जिसे बाद में फिर से रेस्क्यू करना पड़ा। वहीं, याचिका में यह भी कहा गया कि मंत्रालय ने ऐसे बच्चों की पहचान, बचाव और पुनर्वास के लिए मानक संचालन प्रक्रिया जारी की, लेकिन विभाग इसे गंभीरता से उल्लंघन कर रहे हैं।

# बैंक ऑफ बड़ौदा की दरियागंज में नई शाखा का उद्घाटन





नई दिल्ली (साहिल गौड़)बैंक ऑफ बड़ौदा ने दरियागंज में अपनी नई शाखा का उद्घाटन किया। इस पहल के साथ बैंक ने राष्ट्रीय राजधानी में अपनी उपस्थिति को और सुदृढ़ करते हुए स्थानीय निवासियों एवं व्यापारियों के लिए बैंकिंग सेवाओं को अधिक सुलभ बनाया है।

शाखा का उद्घाटन श्री एम.वी.एस. सुधाकर, महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, नई दिल्ली क्षेत्र, के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर बैंक के वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में श्री सुधाकर ने बैंक की ग्राहक-केंद्रित सेवाओं के विस्तार तथा वित्तीय समावेशन के प्रति प्रतिबद्धता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि नई शाखा में आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं, खुदरा बैंकिंग, डिजिटल सेवाएं तथा लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए विशेष सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस कार्यक्रम में श्री अजीत सिंह यादव, शाखा प्रमुख, दरियागंज शाखा; सुश्री प्रग्या बिसेन, उप क्षेत्रीय प्रमुख, पूर्वी दिल्ली क्षेत्र; श्री सनी चावला, क्षेत्रीय प्रमुख, पूर्वी दिल्ली क्षेत्र; तथा श्री एम.एस. चौहान, पूर्व प्रबंधक भी उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। 11बी, नेताजी सुभाष मार्ग स्थित यह नई शाखा क्षेत्र के व्यावसायिक एवं आवासीय इलाकों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेगी।

इस नई शाखा के साथ बैंक ऑफ बड़ौदा ने नई दिल्ली में अपने नेटवर्क का विस्तार करते हुए एक विश्वसनीय बैंकिंग साझेदार के रूप में अपनी भूमिका को और मजबूत किया है।

## महावीर मंदिर में भव्य भंडारा, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

पडरौना, कुशीनगर।

महावीरी मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं श्री रामचरितमानस पाठ के पावन समापन के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल की उपस्थिति में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया।



भंडारे में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मंदिर परिसर में भक्ति संगीत, जय श्री राम एवं जय हनुमान के जयकारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा, जिससे क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत नजर आया। इस अवसर पर विनय जायसवाल ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में आपसी सौहार्द, एकता और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। उन्होंने भगवान श्रीराम और हनुमान के आदर्शों को अपनाकर समाज को सशक्त बनाने की बात कही। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल सहित पुजारी गौरी शंकर लाटा, दीपक त्रिपाठी, विवेक अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, जयप्रकाश वर्मा, वासु चौरसिया, पिंकू वर्मा, दीपक वर्मा, श्याम वर्मा, आदित्य गुप्ता, विराट त्रिपाठी, आलोक गुप्ता, राजेश वर्मा, कपिल चौबे, विवेक उपाध्याय, जयप्रकाश चौरसिया, सुमित गुप्ता, मनीष गुप्ता, अक्षय वर्मा, संजय गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, शंभू चौरसिया, बंटी गुप्ता, हर्ष मोदनवाल, विकास अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सभी ने मिलकर व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया, जिससे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## 60 फीट ऊंचा झूला उखड़कर गिरा, 30 घायल; मेले में मचा हड़कंप

खड्डा, कुशीनगर।

खड्डा थाना क्षेत्र के भैसहा मेले में बुधवार देर रात बड़ा हादसा हो गया, जब करीब 60 फीट ऊंचा झूला अचानक उखड़कर गिर गया। हादसे में करीब 30 लोग घायल हो गए, जिनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। दो बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि 10 से अधिक घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना रात करीब 11:30 बजे की है। झूले पर उस समय लगभग 80 लोग सवार थे। झूला दो बार घूमने के बाद चरमराने लगा और लोगों ने ऑपरेटर को आवाज लगाई, लेकिन उसे नजरअंदाज कर दिया गया। कुछ ही देर बाद तेज आवाज के साथ झूला उखड़कर जमीन पर गिर गया, जिससे उसमें बैठे लोग नीचे आ गिरे और कई लोग उसके नीचे दब गए। हादसे के बाद मेले में अफरा-तफरी और




चीख-पुकार मच गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद झूले के नीचे दबे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया।

छह एंबुलेंस की मदद से घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भेजा गया। घायल लालू गुप्ता ने बताया कि झूले पर बैठते समय ही अजीब आवाज आ रही थी, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। दो चक्कर के बाद झूला अचानक टूटकर गिर गया। हादसे में झूले के आसपास खड़े लोग और पास की कुछ दुकानें भी चपेट में आ गईं। प्राथमिक जांच में झूले के बेस के कमजोर होने की बात सामने आ रही है। आशंका है कि झूले को जमीन में ठीक से नहीं गाड़ा गया था, जिससे वह भार सहन नहीं कर सका। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और लापरवाही के बिंदुओं की पड़ताल की जा रही है। भैसहा मेला नारायणी नदी के तट पर स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर के पास प्रतिवर्ष चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होता है, जहां पूर्वांचल के साथ-साथ नेपाल और बिहार से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। हादसे के बाद मेले की व्यवस्थाओं पर सवाल उठने लगे हैं।

### सेमीफाइनल में बसंतपुर व गोबरही की धमाकेदार जीत, फाइनल में भिड़ंत तय

राजापाकड़ धाम, कुशीनगर। हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में यज्ञ समिति राजापाकड़ धाम की क्रिकेट समिति के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय श्री अंजनीसुत रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन खेले गए दोनों सेमीफाइनल मुकाबले एकतरफा रहे। अरुण इलेवन बसंतपुर और डब्ल्यू इलेवन गोबरही ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। पहले सेमीफाइनल में अरुण इलेवन बसंतपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए दीपक इलेवन बभनौली को छह ओवर में पांच विकेट पर महज 26 रन पर रोक दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए बसंतपुर की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पांचवें ओवर में ही दो विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। कप्तान अरुण ने सात गेंदों में 12 रन की तेज पारी खेली और गेंदबाजी में भी एक विकेट लेकर शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया।

### शिक्षा चौपाल एवं विद्यालय वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन

जौनपुर।

जनपद के सिरकोनी विकासखंड अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय सेहमलपुर में शिक्षा चौपाल एवं विद्यालय वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निपुण भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ शैक्षिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया एवं विशिष्ट अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने नवीन नामांकित बच्चों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा उन्हें कॉपी-पेंसिल वितरित कर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने अभिभावकों से अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने की अपील की। साथ ही कार्यक्रम के दौरान 20 नए बच्चों का नामांकन भी कराया गया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण आरुषि यादव एवं आयुषी यादव



द्वारा बनाई गई कलाकृति रही, जिसे मुख्य विकास अधिकारी को भेंट किया गया। कलाकृति से प्रभावित होकर उन्होंने दोनों छात्राओं एवं उनकी माता को शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यालय परिवार द्वारा आगंतुक अभिभावकों एवं ग्रामवासियों का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और गुणवत्ता सुधार पर विशेष बल दिया। अंत में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक इरफान खान ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और अभिभावकों की सहभागिता भी सशक्त होती है। कार्यक्रम में शिक्षकगण, अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समूचा आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली नहर में पलटी, महिला की मौत; दो दर्जन से अधिक घायल

नेबुआ नौरंगिया, कुशीनगर। चैत्र रामनवमी के अवसर पर स्नान के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली बुधवार रात अनियंत्रित होकर बड़ी गंडक नहर में पलट गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार महाराजगंज जिले के माहनखोर उर्फ बड़हरा (थाना घुघली) से करीब 50 श्रद्धालु नारायणी नदी के भैंसहा घाट पर स्नान मेले में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान खड्डा थाना क्षेत्र के सिसवा गोपाल (सिंसई) रेगुलेटर के पास चालक ने नियंत्रण खो दिया और ट्रॉली नहर में जा गिरी। बताया जा रहा है कि नहर में उस समय पानी नहीं था, लेकिन लगभग 30 फीट गहराई होने के कारण ट्रॉली के नीचे कई लोग दब गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रॉली में 25-30 महिलाएं, करीब 10 बच्चे और 10 पुरुष सवार थे। पीछे बैठे कुछ लोग कूदकर बच निकले, लेकिन अधिकांश घायल हो



गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। ट्रैक्टर की मदद से ट्रॉली को बाहर निकाला गया और उसके नीचे दबे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। अंधेरा होने के बावजूद ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया। घटना के बाद विधायक विवेकानंद पांडेय अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार एवं हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर हादसे का कारण चालक का नियंत्रण खोना बताया जा रहा है।

